2 फरीदाबाद
लापरवाही या भ्रष्टाचार : व्यर्थ हो रहे हैं करोड़ों रुपये से बने आरएमसी नाले

6 अभिमत
बजट से अलग रखें विनिवेश

9 देश-विदेश
देश के विकास में विद्यार्थी अभी से जुटें अपनी पूरी क्षमता का इस्तेमाल करें: मुर्मू

11 फीचर
पारंपरिक बाढ़ पूर्व चेतावनी प्रणाली अधिक कारगर

RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 6 अंक 11
फरीदाबाद, मंगलवार, 14 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



कजाखस्तान के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा भारत
पेज - 12

# डेटा विश्लेषण और व्याख्या विषय पर संगोष्ठी आयोजित

**फरीदाबाद।** प्रबंधन विभाग और भौतिकी विभाग, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने शोध पद्धति के क्षेत्र में डेटा विश्लेषण और व्याख्या विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता के गतिशील नेतृत्व में महाविद्यालय इस तरह के जागरुकता सत्र आयोजित करता रहता है। संगोष्ठी का आयोजन डॉ. संजीव गुप्ता, विंग-तीन के संरक्षण में किया गया। डॉ. शिल्पा गोयल, डीन, प्रबंधन विभाग एवं रवीन्द्र जैन, डीन, भौतिकी विभाग, कार्यक्रम के संयोजक ने पूरे सत्र का समन्वय किया। डीएवी सेंटेनरी कॉलेज, फरीदाबाद के वाणिज्य विभाग की एचओडी डॉ. अर्चना भाटिया दिन की वक्ता थीं। उन्होंने छात्रों को समझाया कि कैसे व्यावसायिक अनुसंधान को डिजाइन, संचालन और मूल्यांकन किया जाए सत्र का समापन प्रश्नोत्तर के साथ हुआ। सेमिनार में करीब 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उपसंयोजक देवेंद्र ने धन्यवाद ज्ञापन जबकि मंच संचालन दीपमाला चौहान ने किया। डॉ. निशा गिल, शिल्पी गुप्ता, प्रियम गुप्ता, उपासना गेरा सहित प्रबंधन एवं भौतिकी विभाग के सभी संकाय सदस्यों ने भाग लिया।